




नवभारत
भोपाल, शुक्रवार, 23 जनवरी 2026


## एक नजर में



### प्लांट विवाद में दो पक्षों में झड़प, 3 घायल, एक गंभीर

**छतरपुर,22 जनवरी.** नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी बगराजन के पास गुरुवार 22 जनवरी को प्लांट को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया. दोपहर करीब 1 बजे शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए. घटना में एक पक्ष के निक्की ताम्रकार और अभिषेक ताम्रकार तथा दूसरे पक्ष के सुभाष पांडे घायल हुए हैं. वहीं भइयन ताम्रकार को मामूली चोटें आई हैं. गंभीर रूप से घायल तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है. घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था कराई और दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार प्लांट को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, जो आज हिंसक झड़प में बदल गया. फिलहाल मामले की जांच जारी है और घायलों के बयान के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.



### महिला की हत्या का खुलासा, पति समेत 4 गिरफ्तार

**छतरपुर,22 जनवरी.** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सुविधा कॉलोनी में हुई महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है. जांच में सामने आया है कि कोमल यादव की हत्या गला दबाकर की गई थी. यह जघन्य अपराध पारिवारिक कलह के चलते अंजाम दिया गया था. इस मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने गुरुवार 22 जनवरी को दोपहर 3:30 बजे पुलिस लाइन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रेस वार्ता के दौरान किया. एसपी ने बताया कि मृतका के पति ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि घरेलू विवाद के चलते पहले महिला की हत्या की गई और बाद में मामले को संदिग्ध मौत का रूप देने की कोशिश की गई. घटना के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ीं, जिसके बाद हत्या का खुलासा संभव हो सका. फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है. इस खुलासे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, वहीं पुलिस की कार्रवाई को इसे बड़ी सफलता मान रहे हैं.

### जैन मंदिर परिसर में दिखा 7 फीट लंबा अजगर

**छतरपुर,22 जनवरी.** जिले के घुवारा नगर स्थित भगवां नगर क्षेत्र में देर शाम उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रसिद्ध पार्श्वगिरी जैन मंदिर परिसर में लगभग 7 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया. मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं की नजर अचानक अजगर पर पड़ी, जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. भय के चलते कई लोग मंदिर परिसर से दूर हट गए और सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अजगर मंदिर परिसर में धीरे-धीरे घूमता नजर आया. सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग को अवगत कराया. लोगों की मांग थी कि अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो. घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभाग सतर्क हो गया. प्रशासन और वन विभाग की टीम अजगर को पकड़ने और सुरक्षित रेस्क्यू करने की तैयारी में जुटी है. अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे मौके पर भीड़ न लगाएं और अफवाहों से बचें. फिलहाल मंदिर परिसर में एहतियात के तौर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अजगर की निगरानी की जा रही है.



# बीएसएफ जवान और बेटों ने युवक से की मारपीट

## घर निर्माण विवाद ने लिया हिंसक रूप, तीन आरोपियों पर केस दर्ज, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी

**छतरपुर,22 जनवरी. शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 के घोसयाना मोहल्ले में घर निर्माण को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक उग्र हो गया. मामूली कहासुनी से उपजा यह मामला देखते ही देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव की स्थिति बन गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाद के दौरान एक व्यक्ति के साथ गंभीर मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया है. पीड़ित का कहना है कि बीएसएफ में पदस्थ एक जवान और उसके दो बेटों ने मिलकर उस पर हमला किया. आरोप है कि उसे जबरन पकड़कर घसीटते हुए घर के भीतर ले जाया गया, जहां लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया. हमले में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं. घटना का पूरा दृश्य पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका फुटेज सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई. घायल व्यक्ति किसी तरह अपनी जान बचाकर सिटी कोतवाली थाना पहुंचा और खून से सनी हालत में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने तत्काल मेडिकल परीक्षण कराते हुए बीएसएफ जवान और उसके दोनों बेटों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. वहीं दूसरी ओर, आरोपी पक्ष ने भी अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार करते हुए पहले उनके परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने की बात कही है. पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर लिए हैं और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है. फिलहाल इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है और मामले की हर पहलू से पड़ताल जारी है.



## कांग्रेस कार्यालय के पास सरेराह दो गुटों में मारपीट

- लात-घूंसे से हमला, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- बाइक से पहुंचे युवकों की कहासुनी झड़प में बदली

**इधर** कांग्रेस कार्यालय के पास बीती रात कानून-व्यवस्था को चुनौती देती एक घटना सामने आई, जब सरेराह दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पांच युवक एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसा रहे हैं और हेलमेट को हथियार की तरह इस्तेमाल करते नजर आ रहे हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ युवक दो बाइकों पर सवार होकर कांग्रेस कार्यालय के पास पहुंचे थे. इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई. विवाद के बाद युवकों ने सड़क पर ही एक-दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों में डर का माहौल बन गया. कुछ देर तक हंगामा जारी रहने के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ. घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने वायरल वीडियो और प्रारंभिक जांच के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है. पुलिस अधिकारी बता रहे हैं कि विवाद के असली कारणों की गहन जांच की जा रही है और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान करने का प्रयास भी जारी है. शहर के व्यस्त और संवेदनशील इलाके में इस तरह की सरेआम मारपीट की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा और पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी.



# लाखों की राशि आहरण, पुलिया निर्माण लापता

## ग्राम पंचायत गनपतखोड़ा में पांचवें वित्त से 1.50 लाख की निकासी, निर्माण हुआ ही नहीं

**चंदला,22 जनवरी. लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गनपतखोड़ा में पुलिया निर्माण को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आई है.**



ग्रामवासियों का आरोप है कि पांचवें वित्त से लगभग 1.50 लाख रुपए (1,54,200 रुपए) की राशि तीन माह पहले आहरण कर ली गई, लेकिन अब तक पुलिया का निर्माण नहीं कराया गया. ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया गनपतखोड़ा गांव से सरपंच के मकान की ओर बननी थी, लेकिन जमीनी स्थिति में पुलिया के नाम पर केवल थोड़ा-सा चुना और कुछ पत्थर ही डाले गए दिखते हैं. उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण के लिए भुगतान तीन बिलों के जरिए किया गया, लेकिन कार्य धरातल पर नजर नहीं आता. ग्रामीण अमर सिंह राजपूत, रामलखन राजपूत सहित अन्य लोगों ने बताया कि सचिव सुहावन राजपूत पंचायत में बहुत कम समय के लिए ही आते हैं और काम अधूरे छोड़ दिए जाते हैं. कई बार कार्य अधूरा रह जाता है और समय सीमा निकल जाती है.

> लवकुशनगर जनपद एसडीओ राजेश उपाध्याय से जब इस मामले में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक इस संबंध में जानकारी नहीं है, लेकिन सचिव से बात कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि उपयंत्री ने लेआउट डलवा दिया था और अब उपयंत्री को भेजकर स्थल निरीक्षण कराया जाएगा.

# शिक्षकों पर कुत्तों के प्रवेश को रोकने की जिम्मेदारी सौंपी




**छतरपुर, 22 जनवरी. जिले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) द्वारा जारी एक आदेश ने शिक्षा जगत में चर्चा और विवाद को जन्म दे दिया है.**

आदेश के अनुसार स्कूलों के प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों को शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ विद्यालय परिसर में कुत्तों के प्रवेश को रोकने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है. इसके तहत प्रत्येक स्कूल स्तर पर एक विशेष 'कुत्ता निगरानी दल' का गठन किया जाना है, जो प्रतिदिन स्कूल परिसर में कुत्तों की मौजूदगी पर नजर रखेगा और उन्हें परिसर में प्रवेश से रोकेगा. आदेश का उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना बताया गया है, लेकिन शिक्षकों के बीच इस फैसले को लेकर असंतोष भी उभरकर सामने आया है. शिक्षक संगठनों और कई शिक्षकों का कहना है कि उनकी मुख्य भूमिका बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है, ऐसे में कुत्तों को भगाने या निगरानी करने जैसी जिम्मेदारियां उनके कार्यभार को अनावश्यक रूप से बढ़ाती हैं. कई शिक्षकों ने सवाल उठाया है कि वे पढ़ाई पर ध्यान दें या फिर परिसर में जानवरों की निगरानी करें. इस आदेश को लेकर सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई है और शिक्षक संगठनों में भी चर्चा तेज है. विवाद बढ़ने के बाद डीईओ ए.एस. पांडे ने स्पष्ट किया कि यह आदेश शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव डालने के लिए नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के लिए जारी किया गया है.

उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था अस्थायी और एहतियाती कदम है और भविष्य में संबंधित विभागों से समन्वय कर स्थायी समाधान निकाला जाएगा, ताकि शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े.


# कोटा गोलीकांड : दूसरे पक्ष ने की जांच की मांग

- पुलिस कार्रवाई पर सवाल, परिवार ने सौंपा आवेदन



छतरपुर,22 जनवरी. राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटा में युवक की गोली मारकर हत्या के मामले को लेकर अब दूसरा पक्ष सामने आया है. गुरुवार 22 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजे मृतक पक्ष के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आवेदन सौंपा. ज्ञात हो कि कोटा गांव में हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की थी. हालांकि, अब दूसरे पक्ष ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए हैं. आवेदन में परिवारजनों ने आरोप लगाया है कि मामले की जांच एकतरफा की जा रही है और कुछ तथ्यों को नजरअंदाज किया जा रहा है. परिजनों का कहना है कि सच्चाई सामने लाने के लिए पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और गहराई से जांच आवश्यक है, ताकि किसी निर्दोष को फंसाया न जाए और वास्तविक दोषियों पर ही कार्रवाई हो. एसपी कार्यालय में आवेदन देते समय परिजन न्याय की गुहार लगाते दिखे और मामले में निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्राप्त आवेदन पर नियमानुसार विचार किया जाएगा और यदि जांच में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल यह मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है और पुलिस की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं.

## राज्यपाल पटेल आज छतरपुर में प्रवास पर



**छतरपुर,22 जनवरी.** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज को छतरपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे. इस दौरान वे महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करेंगे. कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल प्रात: 9.30 बजे भोपाल से विमान द्वारा प्रस्थान करेंगे और 10.15 बजे खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचेंगे. इसके बाद वे 10.20 बजे कार से खजुराहो एयरपोर्ट से रवाना होकर 11.15 बजे विश्वविद्यालय परिसर पहुंचेंगे. राज्यपाल 11.30 से 12.45 बजे तक दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे और अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करेंगे. समारोह के बाद वे 12.45 बजे कार द्वारा खजुराहो एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और 01.40 बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे. तत्पश्चात 2.30 बजे वे विमान द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे.

# सहस्त्र चंडी यज्ञ में छोड़ी लाखों आहुतियां

**सीहोर 22 जनवरी.** नगर के प्राचीन करौली माता मंदिर में जारी दस दिवसीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ में गुरुवार को 5 लाख 10 हजार आहुतियां छोड़ी गई. यज्ञाचार्य पं. महादेव शर्मा ने बताया कि यज्ञ से निकलने वाली धुएं के वातावरण में शुद्धि आती है तथा आसपास के क्षेत्र में सुख समृद्धि पनपती है. इस मौके पर देर रात्रि को जोरदार आतिशबाजी के साथ यहां पर भजन संध्या का आयोजन किया गया. गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर माता का दरबार भक्तिमय हो गया है. प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पर आ रहे है. गुरुवार को यज्ञशाला में 45 जोड़ों के अलावा कार्यक्रम के अध्यक्ष विवेक राठौर, मुख्य यजमान सूत्रधार तरुण राठौर ने यज्ञ में आहुतियां देकर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की. सहस्त्र चंडी महायज्ञ में देर शाम को बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के समक्ष रंगबिरंगी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया.

# कलाणी की पुण्यतिथि पर किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

**सीहोर.** झूलेलाल मंदिर में भारतीय सिंधु सभा एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान में अमर शहीद हेमू कलाणी की पुण्यतिथि पर विचार एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया.मुख्य अतिथि सिन्धी समाज अध्यक्ष रमेश आहूजा, विशेष अतिथि द्वारका बांसुरिया एवं मोहन नेहलानी रहे. सरस्वती वंदना गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की. इस अवसर पर हरिओम शर्मा दाऊ, विनोद पंसारी, हीरालाल जायसवाल आदि कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की.

# छात्रों को सिखाई वन्यजीव की पहचान




**चंदला, 22 जनवरी.** लवकुशनगर वन परिक्षेत्र, सामान्य वन मंडल मध्यप्रदेश एवं ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में 22 जनवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम में बांसिया स्कूल के छात्र-छात्राओं को वन परिक्षेत्र में भ्रमण कराकर वन्यजीवों की पहचान, जानवरों से बचने के तरीके और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई. छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं और इसके क्या लाभ हैं. कार्यक्रम में पर्यावरण एवं वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष करोड़ों वृक्ष लगाए जाते हैं और वन विभाग ने भी लाखों वृक्षारोपण कार्य किए हैं, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहेगा. साथ ही छात्रों ने पर्यावरण एवं स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण किया. वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को विभागीय संरचना, रैंक प्रणाली और पदोन्नति के बारे में भी जानकारी दी. कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को कैप, बैग और पुस्तिका प्रदान की गई, जिसमें मुख्यमंत्री और राज्य मंत्री के वक्तव्य शामिल थे. भ्रमण के बाद सभी ने एक साथ भोजन ग्रहण किया. कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी ऋषि मिश्रा, वन परिक्षेत्र अधिकारी नीलेश प्रजापति, परिक्षेत्र सहायक अधिकारी लक्ष्मनदास अहिरवार, मास्टर ट्रेनर नरेश त्रिवेदी, नीरज बाजपेई, राहुल आनंद, अजय गुप्ता, सुनील मिश्रा, नंदराम अहिरवार, पुष्पेन्द्र वर्मा, मोहनराम अहिरवार, प्रदीप अहिरवार, लालमणि अहिरवार, लखनलाल रैकवार सहित अनेक वनकर्मी उपस्थित रहे.

**जनाक्रोश** — श्रीराधा कृष्ण मंदिर में जारी निर्माण कार्य को रोकने का लगाया आरोप

# मंदिर निर्माण समिति से अभद्रता ,भड़के लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 22 जनवरी.** श्री राधाकृष्ण मंदिर गंज में पिछले दो माह से चल रहे मर मत एवं निर्माण कार्य में तहसीलदार द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है. घटना को लेकर बलाई मालवीय समाज सहित नगर में रोष का माहौल बना हुआ है.



जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को मंदिर परिसर में छत डालने का कार्य चल रहा था. इस दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जिससे निर्माण कार्य में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई. इसी समय तहसीलदार रामलाल पगारे निर्माण स्थल पर पहुंचे और मंदिर परिसर में चल रहे कार्य को रुकवाने का प्रयास किया.

आरोप है कि तहसीलदार द्वारा बलाई मालवीय समाज पंचायत के पदाधिकारियों एवं समाजजनों से अभद्र व्यवहार किया गया साथ ही निर्माण को तोड़ने की धमकी भी दी गई. समाजजनों का कहना है कि यह कार्य पूरी तरह धार्मिक आस्था से जुड़ा है और नियमानुसार मंदिर परिसर में ही किया जा रहा था. तहसीलदार के इस रवैए से नाराज होकर सकल समाज द्वारा एसडीएम नितिन टाले को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की गई.

ज्ञापन में मांग की गई है कि तहसीलदार यह स्पष्ट करें कि वे किसकी शिकायत पर या किसके निर्देश पर मंदिर परिसर पहुंचे थे. यदि कोई शिकायत थी तो शिकायतकर्ता का नाम सार्वजनिक किया जाए और यदि बिना किसी शिकायत या आदेश के तहसीलदार द्वारा कार्रवाई की गई, तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाए. समाज का कहना है कि इस प्रकार की घटनाएं धार्मिक स्थलों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली हैं और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई भी अधिकारी मनमानी कर सकता है. प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग समाजजनों एवं मंदिर समिति ने एसडीएम से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि धार्मिक स्थलों पर अनावश्यक व्यवधान की पुनरावृत्ति न हो.

इस मामले में एसडीएम नितिन टाले का कहना है कि आज सकल समाज द्वारा ज्ञापन दिया गया है. जिसमें पूर्व से बने बलाई समाज के राधा कृष्ण मंदिर का पुनर्निमाण किया जा रहा है. जहां तहसीलदार पहुंचे थे उनकी वह क्या बात हुई जिसकी जानकारी अभी नहीं है और तहसीलदार का भी पक्ष नहीं आया है, जानकारी प्राप्त होने के बाद विधिवत कार्यवाही की जाएगी.

## टीन शेड निर्माण का किया भूमिपजन

**आष्टा.** अतरालिया ग्राम के बगवाई माता मंदिर एवं ग्राम में होने वाले सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों के लिए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की. गुरुवार को विधायक इंजीनियर ग्राम अतरालिया पहुंचे एवं बगवाई माता मन्दिर प्रांगण में 5 लाख की राशि से बनने वाले टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. विधायक इंजीनियर अतरालिया में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में भी शामिल हुए. भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र केशव,जयसिंह ठाकुर, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सरपंच जगन्नाथ सिंह, सियाराम बाबा, रविन्द्र बाबा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे.